## एस.वाय.डी.ए. फ़ाउण्डेशन की बौद्धिक सम्पदा हेतु दिशा-निर्देश

एस.वाय.डी.ए. फ़ाउण्डेशन, आने वाली पीढ़ियों के लिए सिद्धयोग सिखावनियों की सुरक्षा एवं संरक्षण करने हेतु समर्पित है। इस सुरक्षा का एक महत्त्वपूर्ण दष्टिकोण यह सुनिश्चित करना है कि सिद्धयोग गुरुओं की सिखावनियाँ और रचनात्मक कार्य अपने वास्तविक रूप में और सही सन्दर्भ में प्रसरित किए जाएँ तथा वे व्यवसाय, मनोरंजन [जैसे कि चलचित्र, उपन्यास या वीडिओ], राजनीति या व्यवसायिक उद्यम या अन्य दर्शनों अथवा पथों की विषय-वस्तु और संकल्पना के साथ जोडा न जाए। इस प्रकार उनके अर्थ की अभिव्यक्ति सबसे सटीक रूप से बनाए रख सकें।

एस.वाय.डी.ए. फ़ाउण्डेशन सिद्धयोग सिखावनियों की अखण्डता और स्पष्टता को शैक्षिक एवं वैधानिक सुरक्षा, दोनों के द्वारा संरक्षित रखता है। सिद्धयोग की बौद्धिक सम्पदा कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और अन्य सम्बन्धित कानूनों से संरक्षित है।

सिद्धयोग की बौद्धिक सम्पदा का उपयोग करने के लिए निम्न दिशा-निर्देश हैं।

**क्या करें :**

- सिद्धयोग पथ पर लोगों को व्यक्तिगत रूप से, लिख कर या इंटरनेट या सोशल मीडिया साइट्स पर निम्नलिखित तरीकों से आमन्त्रित करें :
  - उन्हें www.siddhayoga.org सिद्धयोग पथ वेबसाइट देखने के लिए आमन्त्रित करें जिससे कि वे :
    - सिद्धयोग पथ के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकें,
    - सिद्धयोग गुरु से सिखावनियाँ ग्रहण कर सकें, और
    - सिद्धयोग शिक्षण और अध्ययन कार्यक्रमों में कैसे भाग लेना है, यह जान सकें।
  - सोशल मीडिया की अपनी व्यक्तिगत प्रोफाइल या व्यक्तिगत ब्लॉग पर सिद्धयोग पथ वेबसाइट की विषय-वस्त की एक लिंक पोस्ट करें [लेकिन व्यवसायिक साइट्स पर यह न करें]।
  - उन्हें सिद्धयोग बुकस्टोर वेबसाइट या सिद्धयोग आश्रमों या ध्यान केन्द्रों पर वर्तमान में उपलब्ध सिद्धयोग पुस्तकों, सी.डी., फोटों और 'साधना' में सहायक साधन एवं सामग्री के बारे में जानकारी दें।
  - सिद्धयोग पथ वेबसाइट या सिद्धयोग आश्रमों, ध्यान केन्द्रों या संकीर्तन एवं ध्यान केन्द्रों द्वारा अपने मित्रों को सिद्धयोग शिक्षण और अध्ययन कार्यक्रमों के बारे में जानने दें।
- आप अपने क्षेत्र के एस.वाय.डी.ए. फ़ाउण्डेशन के बौद्धिक सम्पदा समायोजक से सिद्धयोग बौद्धिक सम्पदा का उपयोग करने हेतु अनुमति माँग सकते हैं या उसके विषय में प्रश्न पूछ सकते हैं।

क्या न करें :

- इंटरनेट या ई-मेल पर कोई भी एस.वाय.डी.ए. कॉपीराइटेड दस्तावेज़, फोटो, संगीत या ऑडिओ अथवा विडिओ रिकॉर्डिंग्स पोस्ट न करें। इसमें यू-ट्यूब, ब्लॉग्स या सोशल मीडिया साइट्स भी शामिल हैं - उदाहरण के लिए फेसबुक के व्यक्तिगत पन्नों [Pages]पर या खुले अथवा बंद समूहों में। निम्नलिखित मे से किसी को भी ई-मेल या पोस्ट न करें।
  - o सिद्धयोग गुरुओं के चित्र या वीडिओ।
  - o सिद्धयोग संगीत, वीडिओ या कलाकृति [जैसे-श्री गुरुमाई के सन्देश की कलाकृति] या किसी भी सिद्धयोग आश्रम या ध्यान केन्द्र पर लिया गया कोई भी फोटो या वीडिओ।
  - o सिद्धयोग पथ वेबसाइट से ली गई कोई भी विषय-वस्तु।
  - o स्वामी मुक्तानन्द या गुरुमाई चिद्विलासानन्द की सिखावनियों के या किसी भी कॉपीराइट सिद्धयोग प्रकाशन के उद्धरण।
- एस.वाय.डी.ए. फ़ाउण्डेशन की पूर्व लिखित अनुमति के बिना सिद्धयोग बौद्धिक सम्पदा का प्रयोग किसी भी प्रकाशन में न करें।

## सिद्धयोग बौद्धिक सम्पदा

सिद्धयोग बौद्धिक सम्पदा में निम्नलिखित वस्तुएँ शामिल हैं-

- पुस्तकों, वीडिओ, ऑडिओ रिकॉर्डिंग्स या सिद्धयोग पथ वेबसाइट पर स्वामी मुक्तानन्द या गुरुमाई चिद्विलासानन्द की सिखावनियाँ।
- एस.वाय.डी.ए. फ़ाउण्डेशन द्वारा निर्मित कार्य-जैसे-संगीत, फोटो, वीडिओ, अभिकल्पनाएँ, विधियाँ, नियमावली, दिशा-निर्देश और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्डिंग्स।
- एस.वाय.डी.ए. फ़ाउण्डेशन के व्यापार चिन्ह [ट्रेडमार्कस], जैस नाम [स्वामी] मुक्तानन्द, [स्वामी] चिद्विलासानन्द, गुरुमाई, सिद्धयोग और एस.वाय.डी.ए. फ़ाउण्डेशन।

## बौद्धिक सम्पदा के समायोजक

- यदि सिद्धयोग बौद्धिक सम्पदा को लेकर आपके कोई प्रश्न हैं या आप एस.वाय.डी.ए. फ़ाउण्डेशन की सामग्री [जैसे कि-लेखन, कलाकृति, संगीतबद्ध रिकॉर्डिंग्स अथवा गीत रचनाएँ, फोटों, वीडिओ और कोर्सेसपाठ्यक्रम] का उपयोग करने के लिए अनुमति चाहते हैं तो अपने क्षेत्र के एस.वाय.डी.ए. बौद्धिक सम्पदा समायोजक से सम्पर्क करने हेतु कृपया नीचे दिए गए लिंक का प्रयोग करें।

| | |
|---|---|
| एशिया | Asia-IP@syda.org |
| ऑस्ट्रेलिया | AustraliaNZ-IP@syda.org |
| ब्राज़ील | Brazil-IP@syda.org |
| कनाडा | Canada-IP@syda.org |
| यूरोप, मिडिल-ईस्ट, अफ्रीका, कैरिबियन | Europe-IP@syda.org |
| मेक्सिको, केन्द्रीय अमरीका | Mexico-IP@syda.org |
| भारत | SYSI-IP@syda.org |
| दक्षिण अमरीका | SAmerica-IP@syda.org |
| यू.एस.ए. उत्तर-पश्चिम | USNorthwest-IP@syda.org |
| यू.एस.ए.दक्षिण-पश्चिम | USSouthwest-IP@syda.org |
| यू.एस.ए. माऊण्टेन | USCentralMtn-IP@syda.org |
| यू.एस.ए. उत्तर-पूर्व | USNorthEast-IP@syda.org |
| यू.एस.ए. दक्षिण-पूर्व | USSouthEast-IP@syda.org |